डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/2395 दिनांकः 14 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परस्नातक पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किए जाने की तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 2363 दिनांक 02 दिसम्बर, 2025 एवं पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2021 / 2400 दिनांक 12 दिसम्बर, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की प्रयोगात्मक / प्रोजेक्ट एवं लिखित परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय की ई0आर0पी0 के माध्यम से दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 तक परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय संस्थानों / छात्र / छात्राओं द्वारा किये गये अनुरोध को विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा छात्रहित मे स्वीकार करते हुए **परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की उक्त अन्तिम तिथि को विस्तारित करते हुए दिनांक 20 दिसम्बर, 2025 को सायं 5.00 तक** ई0आर0पी0 पोर्टल तक खुला रहेगा।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि ऐसे छात्र जिनके परीक्षा फीस जमा कर दी गई है, परन्तु बैंक के Payment Gateway की तकनीकी कारणों से Payment Status Success नहीं हुए है अथवा Payment Status Blank है को सूचित करना है कि वे दोबारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं करें। विश्वविद्यालय स्तर से ऐसे छात्रों का परीक्षा शुल्क बैंक के माध्यम से सुधार करते हुए Payment Status छात्र ERP लॉगिन में अपडेट किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए नियमानुसार / समयानुसार परीक्षा फार्म भरे जाने से सम्बन्धित कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

16/12/2025

(प्रो0 राजीव कुमार)
का0 परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव, / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त नियंत्रक / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
का0 परीक्षा नियंत्रक